प्रेस – विज्ञप्ति
राजस्व विभाग, उ0प्र0
लेखपाल भर्ती परीक्षा – 2015

जनपद का नाम–इलाहाबाद | परीक्षा का नाम :–लेखपाल राजस्व

विज्ञापन संख्या– 99 /भूलेख–सात/2015–16/ दिनांक 17 जून 2015

आवेदन पत्र स्वीकार (**Submit**) किये जाने की अंतिम तिथि– **22 जुलाई 2015**

परीक्षा शुल्क बैंक में जमा करने की अन्तिम तिथि – **21 जुलाई 2015**

प्रतियोगितात्मक परीक्षा द्वारा लेखपाल के पद पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से निर्धारित प्रारूप पर आन लाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। लिखित परीक्षा दिनांक 30 अगस्त 2015 को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। परीक्षा के समय तथा स्थल का उल्लेख प्रवेश पत्र पर उल्लिखित रहेगा, जिसे अभ्यर्थियों द्वारा ऑन–लाइन प्राप्त किया जा सकता है।

रिक्तियों का विवरण

क्रम	पदनाम	दिनांक 01.07.2015 को आयु	वेतनमान	कुल रिक्त पदों की संख्या	अनारक्षित	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जन जाति	अन्य पिछड़ी जाति	पद हेतु शैक्षिक अर्हता	पद हेतु अधिमानी अर्हता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	लेखपाल	न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 40 वर्ष	रू0 5200–20200 (ग्रेड पे 2000)	222	126	38	9	49	माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 की इण्टरमीडियट परीक्षा या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य परीक्षा में उत्तीर्ण	1–प्रादेशिक सेना में न्यूनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या 2–राष्ट्रीय कैडेट कोर का "बी" प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो।

1– लेखपाल पदों की भर्ती उ0 प्र0 लेखपाल सेवा नियमावली 2006 यथा संशोधित 2014 एवं समय समय पर जारी किये गये शासनादेश एवं परिषदादेश के अनुसार लिखित वस्तुनिष्ठ परीक्षा 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा।

2– दिनांक 01.07.2015 को अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है साथ ही उक्त दिनांक को अभ्यर्थी की अधिकतम आयु 40 वर्ष से अधिक न हो। रिक्त पदों की संख्या को बढाया या कम किया जा सकता है। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जन जाति अन्य पिछडा वर्ग के लिये आरक्षण विद्यमान शासकीय नियमों के अनुसार दिया जायेगा। इसी प्रकार क्षैतिज आरक्षण के अंतर्गत आने वाली श्रेणियो यथा उ0प्र0 के स्वतत्रता संग्राम सेनानियो के आश्रित उ0प्र0 के भूतपूर्व सैनिको,

उ0प्र0 समाज के विकलांगो तथा उ0प्र0 की महिला अभ्यर्थियो को भी विद्यमान अद्यतन शासकीय नियमो के अनुसार रिक्तियां बनने पर आरक्षण अनुमन्य होगा।

3– ऑन–लाइन फार्म दिनांक 22.6.2015 से दिनांक 22.7.2015 तक जमा किये जा सकेगें। सामान्य और पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियो से रू0 300/– (+ बैंक प्रभार अतिरिक्त) तथा उ0 प्र0 के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति वर्ग के अभ्यर्थियो को रू0 150/– (+ बैंक प्रभार अतिरिक्त) का आवेदन शुल्क ई–चालान के माध्यम से जिलाधिकारी के पक्ष में देय होगा, जिसका उल्लेख ऑन लाइन आवेदन प्रपत्र पर किया जायेगा।

4– प्रदेश के सभी जनपदो में परिषद द्वारा निर्धारित तिथि व समय पर लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। आवंटित परीक्षा केन्द्र पर ही अभ्यर्थियो को परीक्षा देनी होगी। परीक्षा केन्द्र परिवर्तन अनुमन्य नही होगा तथा इस संबंध में कोई भी प्रार्थना पत्र स्वीकार नही होगा।

5– परीक्षा वस्तुनिष्ठ 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा, परीक्षा संबंधी जानकारी के संबंध में तिथि, समय और परीक्षा एवं साक्षात्कार के आयोजन स्थल उम्मीदवारो को ई–प्रवेश पत्र के माध्यम से अभ्यर्थियों द्वारा डाउनलोड किया जायेगा, जो कि परिषद की बेबसाइट http://bor.up.nic.in और जिले की वेबसाइट http://allahabad.nic.in पर उपलब्ध होगा।

6– ऑन लाइन आवेदन का प्रारूप, आफ लाइन परीक्षा संबंधी निर्देश अन्य सामान्य निर्देश एवं परीक्षा संबंधी अन्य प्रासंगिक जानकारी व सम्पूर्ण विवरण दिनांक 22.06.2015 से परिषद के बेबसाइट http://bor.up.nic.in पर और जिले की वेबसाइट http://allahabad.nic.in पर उपलब्ध हो जायेगा।

/

अध्यक्ष चयन समिति/जिलाधिकारी
इलाहाबाद

पत्रांक– 99 /भूलेख–सात/2015–16/ दिनांक जून 17, 2015 ई0।

प्रतिलिपि:–निम्नलिखित के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उ0प्र0 अनुभाग–4, लखनऊ।

2–आयुक्त, इलाहाबाद मण्डल, इलाहाबाद।

3–सम्पादक, दैनिक समाचार पत्र "अमर उजाला व हिन्दुस्तान" को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि प्रेस विज्ञप्ति को समाचार पत्र के इलाहाबाद के सभी संस्करणों में दिनांक 18.06.2015 को प्रकाशन कर, प्रकाशित प्रति सहित बिल बाउचर अपर निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग कलेक्ट्रेट इलाहाबाद से सत्यापित कराकर कार्यलय को उपलब्ध करायें।

4– अपर निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग कलेक्ट्रेट इलाहाबाद ।

5–तहसीलदार सोरांव, फूलपुर, हण्डिया, सदर, बारा, करछना, मेजा, कोरांव व नाजिर सदर कलेक्ट्रेट, इलाहाबाद को इस आशय से कि प्रेस विज्ञप्ति की प्रति नोटिस बोर्ड पर चस्पा करायें।

6–सेवा योजन कार्यालय, इलाहाबाद को अपने स्तर से प्रसारित करने व सूचना पट पर प्रदर्शित करने हेतु।

17/06/15

अध्यक्ष चयन समिति/जिलाधिकारी
इलाहाबाद